| जिला–टोंक<br>उपलब्धियां |
|---|
| **चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग** |
| बनेठा (उनियारा), दत्तवास (निवाई) एवं नासिरदा (देवली–उनियारा) **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्दों में क्रमोन्नत** किया गया। |
| बहीर टोंक में **नवीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोला गया।** |
| देवली (उनियारा) एवं सिरोही (निवाई) में **नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले** गये। |
| चौरू (उनियारा) एवं चैनपुरा (निवाई) में उप स्वास्थ्य केन्द्रों को **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत** किया गया। |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निवाई में **50 से 100 शैय्याओं में वृद्धि** की स्वीकृति जारी। |
| देवली में **ब्लड बैंक स्थापित** किये जाने हेतु पदों, भवन निर्माण एवं उपकरणों सहित स्वीकृति जारी। |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निवाई में **ट्रोमा सेन्टर** की स्थापना हेतु पदों सहित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| पीपलू में **ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थापित** किया गया। |
| Mobile Testing Lab उपलब्ध कराये जाने हेतु क्रयादेश जारी। |
| जिला स्तर पर Food Safety and Drug Control Office की स्थापना की जायेगी। |
| **चिकित्सा शिक्षा विभाग** |
| टोंक में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु कार्य प्रगतिरत। |
| जिले में नये खुलने वाले मेडिकल कॉलेज हेतु **56 करोड रूपये की लागत से 175 बैड क्षमता के नवीन चिकित्सालय का निर्माण** कार्य प्रगतिरत। |
| टोंक में **नर्सिंग महाविद्यालय खोले** जाने हेतु भूमि आवंटित। निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| **उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग** |
| दत्तवास (निवाई), अलीगढ़ (उनियारा), दूनी, पीपलू, निवाई एवं नगरफोर्ट (देवली–उनियारा) में **राजकीय कन्या महाविद्यालय खोला** गया। |
| उनियारा में **स्नातक (यूजी) से स्नातकोत्तर (पीजी) में क्रमोन्नत** किया गया। |
| राजकीय महाविद्यालय, निवाई में **साइंस संकाय खोला** गया। |
| टोंक के राजकीय सहशिक्षा **पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में** Non-Engineering **शाखा** प्रारम्भ करने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| जिले में Online examination सुविधायुक्त Examination Centre बनाया जायेगा। |
| **संस्कृत शिक्षा विभाग** |
| यज्ञ के बालाजी आवासन मण्डल (टोंक), भातड़िया (मीणों की झोपड़िया) (उनियारा) एवं पुराना खेड़ा (मालपुरा) में **राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालयों को राजकीय प्रवेशिका विद्यालयों में क्रमोन्नत** किया गया। |
| टोंक में **संस्कृत महाविद्यालय प्रारम्भ** किये जाने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| टोंक में **वेद विद्यालय** खोला जायेगा। |
| **स्कूल शिक्षा विभाग** |
| दत्तवास, वनस्थली, पीपलू तथा सोहेला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में **कृषि नवीन संकाय खोला** गया। |

| जिला–टोंक<br>उपलब्धियां |
|---|
| कोचिंग के अलावा अच्छे माहौल में अध्ययन की सुविधा हेतु जिला पुस्तकालय में **सावित्री बाई फूले वाचनालय** स्थापित। |
| पीपलू में **मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्थापित** किया गया। |
| समस्त ब्लॉक मुख्यालयों पर सावित्री बाई फूले वाचनालय मय digital library स्थापित किये जायेंगे। |
| **कृषि एवं उद्यानिकी विभाग** |
| झिलाई (निवाई) में **कृषि महाविद्यालय खोला** गया। |
| टोंक में **Bio Pesticide व Bio Agents Integrated Lab** स्थापना की स्वीकृति जारी। भूमि आवंटित। भवन निर्माण निर्माण कार्य प्रारम्भ। |
| सोनवा **मिनी फूड पार्क** बनाये जाने के कार्य प्रारम्भ। |
| जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में हाइब्रिड नेपियर घास (बहुवर्षीय चारा फसल) के exhibitions लगाये जाने हेतु दिशा–निर्देश एवं जिलेवार लक्ष्य जारी। |
| देवली (उनियारा) में **कृषि उत्कृष्टता केन्द्र** बनाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| टोंक में Centre of Excellence for Apiculture स्थापित करने हेतु पूर्व में स्थापित अमरूद उत्कृष्टाता केन्द्र–देवडावास के अधीन भूमि पर उक्त सेन्टर के स्थापना की स्वीकृति प्रदान। |
| चैनपुरा (निवाई) में **मिनी एग्रो पार्क** बनाये जाने हेतु भूमि आवंटित एवं डीपीआर ड्राफ्ट प्राप्त। |
| टोडारायसिंह में **नई स्वतंत्र मण्डी स्थापित** की जायेगी। |
| **पशुपालन विभाग** |
| देवीखेड़ा (देवली), चन्दवाड (दूनी), बरोल, कड़ीला (मालपुरा), बिलासपुर (उनियारा) एवं गांवडी (देवली) में **नवीन पशु चिकित्सा उप केन्द्र खोले** गये। |
| पशु आहार की गुणवत्ता जांच के लिए जिले में **Testing Lab** की स्थापना हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| **कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग** |
| जोधपुरिया (निवाई) में **श्रीदेवनारायण पेनोरमा** बनाये जाने हेतु कार्य प्रगतिरत। |
| मौलाना अबुल कलाम आजाद, अरबी फारसी शोध संस्थान, टोंक में Publication cum Museum Block का निर्माण किये जाने हेतु डीपीआर तैयार। |
| **आयुर्वेद विभाग** |
| यूनानी महाविद्यालय, टोंक के भवन का लगभग **10 करोड़ रुपये की लागत से विस्तार** किये जाने हेतु कार्यकारी एजेंसी द्वारा नक्शा एवं अनुमानित लागत का तकमीना संबंधी कार्य प्रक्रियाधीन। |
| समस्त ब्लॉकों पर **होम्योपैथिक चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध** करवाये जाने हेतु पदों सहीत स्वीकृति जारी। |
| **ऊर्जा विभाग** |
| निवाई–पीपलू का झिराना बड़गांव में **33 केवी सब–स्टेशन** स्थापित। |
| स्यावता (देवली) एवं तुरकिया में **33 केवी सब–स्टेशन स्थापित** करने के कार्य प्रगतिरत। |
| सीतापुरा (देवली–उनियारा) में 33 केवी सब स्टेशन स्थापित किये जाने हेतु भूमि आवंटित। |

# जिला–टोंक
# उपलब्धियां

| वन विभाग |
|---|
| इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2022–23 में 2 करोड़ रुपये की लागत से बीसलपुर **में** वन क्षेत्रों तथा समीप के क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए एक **लव–कुश वाटिका विकसित** की जाने हेतु कार्य प्रगतिरत। |
| इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2023–24 में 2 करोड़ रुपये की लागत से **दूधिया बालाजी में** वन क्षेत्रों तथा समीप के क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए एक **लव–कुश वाटिका विकसित** की जाने हेतु कार्य प्रगतिरत। |
| राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना (RFBDP) अन्तर्गत जिले में **वृक्षारोपण, ओरण विकास, पौध वितरण, आजीविका संवर्द्धान गतिविधियों सहित अन्य कार्य** करवाये जाने हेतु AFD से परियोजना पर अनुबंध किया गया। |
| 1 करोड़ रुपये की लागत से कच्चा बांध–टोंक में Green Lungs विकसित करने हेतु आस–पास वन क्षेत्रों का विकास कर आम जनता के लिए खोला जायेगा। |
| जिला मुख्यालय स्थित नगरीय निकायों में सुविधायुक्त सिटी पार्क बनाये जाने के साथ–साथ मौजूदा शहरी वन क्षेत्रों में सुधार व विकास हेतु विभिन्न कार्य करवाये जायेंगे। |
| **गृह विभाग** |
| नासिरदा (देवली) में **नवीन पुलिस थाना खोला** गया। |
| उनियारा, उनियारा खुर्द एवं राणौली (निवाई) में **नवीन पुलिस चौकियां** खोली गई। |
| पुलिस चौकी मोर–टोंक को **पुलिस थाने में क्रमोन्नत** किया गया। |
| **जिला स्तर** पर 24X7 काम करने हेतु विशेष तकनीकी योग्यता रखने वाली Quick Investigation Disposal Team गठित की गई। |
| जिला कारागृह टोंक में पुस्तकालय की स्थापना हेतु स्वीकृति जारी। |
| पुलिस चौकी झिराना (निवाई) को **पुलिस थाने में क्रमोन्नत** किया जायेगा। |
| **उद्योग विभाग** |
| पीपलू हेतु 10.60 करोड़ रुपये एवं टोडारायसिंह उपखण्ड में 12.85 करोड़ रुपये **औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना** हेतु प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर विकास कार्य प्रगतिरत। भूखण्ड आवंटन हेतु खोल दिया गया है। |
| टोंक एवं निवाई **औद्योगिक क्षेत्रों में सुदृढीकरण एवं आधारभूत सुविधाओं के कार्य** करवाये जाने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तिय स्वीकृति जारी। कार्यादेश जारी। |
| टोंक में **नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना** हेतु भूमि आवंटित। |
| भूरटिया (निवाई) में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की जायेगी। |
| राजस्थान एकीकृत क्लस्टर विकास योजना लागू करते हुए **टोंक में चमड़े के उत्पाद के क्लस्टर्स में आधारभूत संरचना एवं क्षमता विकास के कार्य** किये जायेंगे। |
| **विधि एवं विधिक कार्य विभाग** |
| टोंक तथा निवाई में **अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय खोले** गये। |

| जिला–टोंक<br>उपलब्धियां |
| --- |
| टोंक में **वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय** खोला गया। |
| टोडारायसिंह के **सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय को वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में क्रमोन्नत** किया गया। |
| पीपलू में **सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय खोला** गया। |
| निवाई में **अपर जिला एवं सैशन न्यायालय खोला** गया। |
| बाल एवं यौन अपराधों के पीड़ितों एवं अन्य संवेदनशील गवाहों को सुरक्षित वातावरण में गवाही की सुविधा उपलब्ध करवाने की दृष्टि से जिले में Vulnerable Witness Deposition Centre की स्थापना की जाने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तिय स्वीकृति जारी। |
| **स्वायत्त शासन विभाग** |
| टोंक में **शहीद स्मारक** का निर्माण कार्य पूर्ण। |
| देवली, मालपुरा, टोंक, निवाई एवं टोडारायसिंह में **Faecal Sludge Treatment Plants (FSTP) के** कार्य प्रगतिरत। |
| उनियारा में **FSTP** की स्थापना की जायेगी। |
| दूनी (देवली–उनियारा) को **नगर पालिका** बनाया जायेगा। |
| **अल्पसंख्यक मामलात विभाग** |
| अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में अध्ययन की सुविधा हेतु ब्लॉक रायसिंहनगर में **अल्पसंख्यक बालक छात्रावास भवन निर्माण** कार्य प्रगतिरत। |
| अल्पसंख्यकों के उत्थान हेतु टोंक में **अल्पसंख्यक बालिका आवासीय विद्यालय** हेतु भूमि आवंटित। |
| **जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग** |
| शहरों की तर्ज पर ग्रामीण परिवारों को घर में पेयजल उपलब्ध करवाने हेतु बीसलपुर टोंक, उनियारा एवं देवली पेयजल परियोजना का कार्य प्रगतिरत। |
| पीपलू उपखण्ड में सहायक अभियंता कार्यालय खोले जाने की सहमति प्राप्त। |
| **सार्वजनिक निर्माण विभाग** |
| 162 करोड़ रुपये की लागत से **किशनगढ़–अराई–मालपुरा जिला अजमेर व टोंक** (SH–7E) **राज्य राजमार्ग** के विकास कार्य प्रारम्भ। |
| 134.74 करोड रूपये की लागत से 3.5 किलोमीटर की लम्बाई में **धोली–कंडीला–कलमाण्डा–नानेर–जनवाली–गहलोद–टोंक सडक** एमडीआर–205 पर उच्च स्तरीय पुल (टोंक, निवाई) का निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| 111 करोड़ रुपये की लागत से अराई–सरवाड़ जिला अजमेर व **टोंक (SH–7E) राजमार्ग** के विकास कार्य प्रारम्भ। |
| निवाई में सार्वजनिक निर्माण विभाग का **Ex.En- Office खोला** गया। |
| **30 करोड़** रुपये की लागत से टोंक शहर की विभिन्न सड़कों के **नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार के** कार्य पूर्ण। |

| जिला–टोंक<br>उपलब्धियां |
| --- |
| 17.54 करोड रूपये की लागत से 16.40 किलोमीटर की लम्बाई में **दूदू–मालपुरा–टोडा–खारेडा–छान–सांखना–नगर–नैनवा–केशोराय पाटन** सडक एसएच–37ए का कार्य पूर्ण। |
| 16.33 करोड रूपये की लागत से 14 किलोमीटर की लम्बाई में **उनियारा–पलाई– दूनी आवा सडक (पलाई नगर सैक्शन एसएच–34ए) (देवली–उनियारा)** का कार्य पूर्ण। |
| 13 करोड रूपये की लागत से 10.30 किलोमीटर की लम्बाई में **झिरना– टोडारायसिंह–केकडी सडक एसएच–116 (मालपुरा)** का कार्य पूर्ण। |
| 9.90 करोड़ रूपये की लागत से **केकड़ी–अजमेर एवं देवली** के बीच नेगड़िया पुल के दोनों तरफ अप्रोच रोड का कार्य पूर्ण। |
| 2.90 करोड़ रूपये़ की लागत से 2.5 किमी लम्बाई में **चतुर्भुजपुरा रोड से मुकुन्दपुरा वाया कीरो की ढाणी मय मासी नदी पर वेन्टेड काजवे (निवाई)** सडक के मेजर रिपेयर कार्य पूर्ण। |
| 2.40 करोड़ रुपये की लागत से 6 किमी की लम्बाई में मिसिंग लिंक रोड सोप से **पचाला (देवली–उनियारा)** तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण। |
| 1.50 करोड़ रुपये की लागत से 2.50 किमी लम्बाई में **ग्राम हाड़ी खुर्द से राय रामपुरा सड़क** कार्य पूर्ण। |
| 83 करोड़ रूपये की लागत से निम्न 3 सड़कों के मेजर रिपेयर एवं उन्नयन कार्य प्रगतिरतः –<br>वनस्थली से जोधपुरिया सड़क (निवाई)<br>सोप–आमली–अलीगढ़–खोलिया–सुरेली रेल्वे स्टेशन सड़क (देवली–उनियारा)<br>मेहन्दवास से अमीनपुरा छान–बाससूर्या सड़क बनास नदी पर वेन्टेड काजवे मय एप्रोच निर्माण |
| 56.32 करोड़ रुपये की लागत से **जस्टाना, बौंली, निवाई रोड (स्टेट हाइवे–117)** 32.40 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| 28.13 करोड रूपये की लागत से 32.5 किलोमीटर की लम्बाई में **टोंक–कोटा वाया नगर–नैनवा–केशोरायपाटन सडक (एसएच–34) का (टोंक–नगर फोर्ट अनुभाग) (टोंक–देवली–उनियारा)** का कार्य प्रगतिरत। |
| 24.36 करोड रूपये की लागत से 21.5 किलोमीटर की लम्बाई में **उनियारा–पलाई– दूनी आवा सडक (नगर दूनी सैक्शन एसएच–34ए) (देवली–उनियारा)** का कार्य प्रगतिरत। |
| 22 करोड़ रूपये की लागत से 28 किमी लम्बाई में **नाथडी–पीपलू–रानोली– कठमाना (पीपलू) सडक** के मेजर रिपेयर कार्य प्रगतिरत। |
| 6 करोड़ रु की लागत से 11 किमी लम्बाई में **ककोड–नगर सड़क (उनियारा)** के मेजर रिपेयर कार्य प्रगतिरत। |
| 6 करोड़ रूपये की लागत से 15.80 किमी लम्बाई में बगड़ी से डूसरी, बगड़वा से गूढ़ारामदास, प्यावड़ी से कंवरपुरा बैरवा ढाणी, डिग्गी रोड से मोहम्मद नगर बैरवा की ढाणी **सड़क निर्माण एवं सुदृढीकरण कार्य** प्रारम्भ। |

| जिला–टोंक<br>उपलब्धियां |
|---|
| 171 करोड़ रूपये की लागत से 157.80 किलामीटर लम्बाई में जिले की निम्न 5 महत्वपूर्ण क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण, रिपेयर एवं उन्नयन कार्य करवाये जाने की स्वीकृति जारीः–<br>दौलता मोड़ से सन्थली वाया बीसलपुर डेम (27.50 किमी) (देवली)<br>एमडीआर–182 से झिराना वाया बम्बोर–टोंक–हमीरपुर (55.60 किमी.) (उनियारा, टोंक, टोडारायसिंह)<br>दत्तवास से मालपुरा वाया निवाई–पीपलू (42 किमी.) (निवाई, पीपलू, मालपुरा)<br>झिराना से जिला सीमा अजमेर वाया बावड़ी–टोडारायसिंह (22.70 किमी.) (टोंक, टोडारायसिंह)<br>डिग्गी से जस्टाना वाया निवाई (10 किमी.) (निवाई) |
| 47.27 करोड़ रूपये की लागत से एनएच लेफ्ट आउट भाग पर निवाई शहर में एलसी 41 पर आरओबी का निर्माण (टोंक) करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| 46.29 करोड़ रूपये की लागत से निवाई झिलाई सड़क (एसएच 117) में निवाई शहर के एलसी 36 पर आरओबी का निर्माण (टोंक) करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| 25 करोड़ रुपये की लागत से टोडारायसिंह ब्लॉक की 12 सड़कें एवं टोंक ब्लॉक की 12 सड़कों (62 किमी.) के **निर्माण एवं उन्नयन कार्य** करवाये जाने की स्वीकृति जारी। |
| 13.50 करोड़ रूपये की लागत से बिणजारीदर्रा, धारोला, सावनभादो (नयागांव), रानीपुरा, याकूबपुरा, ज्ञानपुरा (रघुनाथपुरा), तुम्बीपुरा, भीमगंज (20 किमी.) (देवली उनियारा, टोंक) **सड़क निर्माण एवं उन्नयन** कार्य करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| 9.50 करोड़ रूपये की से 11 किमी लम्बाई में नला से बरोनी–सिवाड़ सड़क वाया सिरस, मेहताबपुरा **सड़क का निर्माण एवं सुदृढीकरण कार्य** करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| 10 करोड़ रूपये की लागत से रजवास से जिला सीमा जयपुर तक वाया सीदड़ा, खणदेवत, वनस्थली, चतुर्भुजपुरा, प्रतापपुरा, राहोली तक (20 किमी.) (टोंक) **सड़क निर्माण/उन्नयन कार्य** करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| 8.50 करोड़ रूपये की लागत से 22 किमी लम्बाई में दहलोद से करेड़ा वाया गोरधनपुरा, भरथला वाया बीड की ढाणी से धतूरी तक, खाजपुरा रोड से भरथला, लुहारा से श्रीसुरतपुरा बैरवों की ढाणी त्यागीजी आश्रम, पटेल टीबी से पंचायत मुख्यालय ललवाड़ी तक मय पुलिया, ग्राम दहलोद से हीरामल बाबा स्थान डोईयो की ढाणी तक **सडक निर्माण एवं सुदृढीकरण कार्य** करवाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| 6.20 करोड़ रूपये की लागत से नवरंगपुरा से गुढ़ारामदास सड़क, दतवास से भगवतपुरा, वनस्थली जोधपुरिया रोड से सुरिया वाया सुनारा सुनारी (22.5 किमी.) (निवाई, टोंक) **सडक निर्माण एवं उन्नयन** कार्य करवाये जाने की स्वीकृति जारी। |
| **शान्ति एवं अहिंसा विभाग** |
| ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पंचायत/वार्ड स्तर पर महात्मा गांधी पुस्तकालय एवं संविधान केन्द्र स्थापित किये जायेंगे। |
| **वित्त विभाग** |
| जिला मुख्यालय पर सप्ताह के सातों दिन पंजीयन कराने की सुविधा प्रारम्भ। |
| **राजस्व विभाग** |
| अलीगढ़ में **नवीन तहसील कार्यालय** खोला गया। |

| जिला–टोंक<br>उपलब्धियां |
|---|
| राणौली (पीपलू), धुंवाकलां (देवली) एवं सिरस (निवाई) में **उप तहसील कार्यालय खोले** गये। |
| नगरफोर्ट (उनियारा) की **उप तहसील को तहसील कार्यालय में क्रमोन्नत** किया गया। |
| मालपुरा में **अतिरिक्त जिला कलक्टर कार्यालय** खोले जाने हेतु नवीन पदों के सृजन की वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग** |
| विज्ञान को Night Sky Astro Tourism के माध्यम से आम जन से जोड़ने एवं इसके प्रचार हेतु उच्च स्तरीय रिज्योल्यूशन के टेलिस्कोप स्थापित किये जायेंगे। |
| **कौशल रोजगार एवं उद्यमिता विभाग** |
| निवाई में आईटीआई केन्द्र खोले जाने हेतु पदों सहित स्वीकृति जारी। भूमि आवंटित। संचालन निकटवर्ती संस्थान में किया जा रहा है। |
| जिला मुख्यालय पर संचालित ITIs में Solar Technician **ट्रेड** प्रारम्भ किये जाने हेतु व्यवसायों की 02 यूनिट खोले जाने की प्रशासनिक स्वीकृति जारी। |
| महिला ITI-टोंक में **इलेक्ट्रिक ट्रेड** प्रारम्भ किये जाने हेतु व्यवसायों की 02 यूनिट खोले जाने की प्रशासनिक स्वीकृति जारी। |
| जिला मुख्यालय पर एक ITI को **सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस** के रूप में विकसित किया जायेगा। |
| **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग** |
| टोंक में **सावित्री बाई फूले बालिका छात्रावास खोले** जाने हेतु स्वीकृति जारी। भूमि आवंटित। विभागीय भवन में संचालन प्रारम्भ। |
| पीपलू (निवाई) में **देवनारायण बालिका छात्रावास खोले** जाने हेतु स्वीकृति जारी कर निर्माण कार्य प्रारम्भ। राजकीय भवन (छात्रावास) में संचालन प्रारंभ। |
| निवाई में **देवनारायण बालक छात्रावास** खोलने हेतु भूमि आवंटित। किराये के भवन में संचालन प्रारम्भ। |
| उनियारा में **अम्बेडकर छात्रावास** खोले जाने हेतु भूमि आवंटित। किराये के भवन में संचालन की स्वीकृति जारी। |
| मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह योजना के अंतर्गत जिले में 75 क्षमता के **पुनर्वास गृह** का चयनित संस्था के माध्यम से संचालन प्रक्रियाधीन। |
| कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा की दृष्टि से उनके रहने की सुविधा हेतु जिला मुख्यालय पर 50 महिलाओं के लिए 'Indira Gandhi Working Women Hostel' बनाया जायेगा। |
| जिले में राजकीय मानसिक विमंदित, मूक, बधिर, नेत्रहीन श्रेणी के विशेष योग्यजन विद्यालय खोले जाने हेतु भूमि आवंटित। |
| **खेल एवं युवा मामलात विभाग** |
| टोंक में 8 करोड़ रूपये की लागत से Multipurpose Indoor स्टेडियम बनाने का कार्य प्रगतिरत। |
| जिला स्टेडियम में Open Gym स्थापित किए जाने के लिए उपकरण हेतु स्वीकृति जारी। निविदा आमंत्रित। |
| देवली में **खेल स्टेडियम का निर्माण एवं विकास** कार्य करवाये जाने हेतु वित्तीय स्वीकृति प्राप्त। |
| निवाई में 25 लाख रूपये की लागत से **स्टेडियम बनाये जाने** की स्वीकृति जारी। |

| जिला–टोंक<br>उपलब्धियां |
|---|
| विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए जिला मुख्यालय पर 100 आवासीय क्षमता का **विवेकानन्द यूथ हॉस्टल** बनाया जायेगा। |
| **परिवहन विभाग** |
| प्रसिद्ध मेले डिग्गी कल्याण जी–टोंक में सम्मिलित होने वाले यात्रियों को रोडवेज की **साधारण एवं एक्सप्रेस बसों के किराये में छूट को 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत** किया गया। |
| जिला स्तर पर Road Safety Task Force **गठन** के आदेश जारी। |
| निवाई **बस स्टैण्ड का आधुनिकीकरण** किये जाने हेतु निःशुल्क भूमि आवंटित। |
| **जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग** |
| श्रीपुरा (देवली) में **अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय** खोले जाने हेतु भूमि आवंटित। प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति जारी। |
| **पर्यटन विभाग** |
| जिले में पर्यटन विकास के लिये माण्डकला नगर फोर्ट पर्यटक स्थल को चिन्हित कर 43.10 करोड़ रूपये की लागत से कार्य प्रगतिरत। |
| टोडारायसिंह की **बावड़ियों का पुनरूद्धार** करवाने का कार्य प्रगतिरत। |
| माण्डकला पार्क एवं बिसलपुर बांध पर जिप लाईन पर्यटक स्थलों को चिन्हित कर जन सुविधा संबंधी विकास कार्य हेतु 1.50 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी। |
| प्रमुख हिन्दू तीर्थस्थल **डिग्गी कल्याणजी–टोंक** के धार्मिक पर्यटन सर्किट बनाये जाने की राशि 3.02 करोड़ रूपये की स्वीकृति जारी। |
| श्री देवधाम जोधपुरिया (निवाई) में विकास कार्य करवाये जाने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| **नगरीय किवास विभाग** |
| राजस्थान आवासन मंडल द्वारा निवाई में आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। |
| **जल संसाधन विभाग** |
| राज्य में **सिंचाई सुविधाओं के विकास के लिए टोंक** में रूपये 12.98 करोड़ रुपये व्यय कर 6 कार्यो चन्दाई बांध रेनोवेशन ऑफ केनाल वक, रिपेयर रेस्टोरेशन एंड रिनोवेशन वर्क ऑफ नाथड़ी एनीकट निवाई, कन्स्ट्रक्शन ऑफ एनिकट एट गलवा नाला कुण्डेर, रिपेयर एण्ड रेस्टोशन ऑफ मेन कनोल ऑफ गलवा इरिगेशन प्रोजेक्ट, दाखिया बांध का जीर्णोद्धार कार्य एवं मांसी सिंचाई परियोजना की नहरों का पुर्नरूद्धार कार्य पूर्ण। |
| नवनेरा–गलवा–बीसलपुर–ईसरदा लिंक, महलपुर बैराज एवं रामगढ़ बैराज के 9 हजार 600 करोड़ रुपये के काम कराने की दृष्टि से पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना निगम (ERCP Corporation) का गठन किया गया। |
| प्रदेश के 13 जिलों यथा–अजमेर, अलवर, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, झालावाड, भरतपुर, दौसा, जयपुर एवं टोंक के लिए **पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना** (ERCP) योजना के तहत रामगढ़ बैराज, महलपुर बैराज एवं नवनेरा–गलवा–इसरदा–बीसलपुर लिंक हेतु राशि रू. 14,200 करोड़ के वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी। निविदा जारी। |

| जिला–टोंक<br>उपलब्धियां |
| --- |
| 4.41 करोड़ रुपये की लागत से 'राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना' के तहत जिले की **रामसागर लाम्बा हरीसिंह सिंचाई उप–परियोजना के जीर्णोद्धार कार्य** प्रगतिरत। |
| रिपेयर–रिनोवेशन–रेस्टोरेशन (RRR) योजना के अन्तर्गत मानसागर एवं किरावाल सागर जलाशय कें जीर्णोद्धार का कार्यादेश जारी एवं कैरावाल सागर जलाशय के जीर्णोद्धार का कार्य प्रगतिरत। |
| **महिला एवं बाल विकास विभाग** |
| पीपलू में बाल **विकास परियोजना कार्यालय स्थापित** किया गया। |